<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–23.05.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. 25 मई को राज्य के चार लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान के लिए आज प्रचार का शोर थमा–रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद सीट के लिए 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में।

2. राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने जीत के लिए झोंकी ताकत, जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने किया प्रचार, कल केंद्रीय मंत्री अमित शाह जामताड़ा में करेंगे चुनावी सभा।

3. मतदान केंद्रो के दो किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाएगी परिवहन की सुविधा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया निर्देश।

4. लोहरदगा के चितरी अम्बाटोली में कुआँ खुदाई के दौरान मिट्टी धसने से दबे चार मजदूरों की मौत।

5. राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी हिस्से में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई अच्छी बारिश। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक मौसम में उतार–चढ़ाव रहेगा जारी ।

<u>**********************</u>

राज्य के चार लोकसभा क्षेत्र रांची, धनबाद, जमशेदपुर और गिरिडीह सीट के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इन चार सीटों के लिए मतदान 25 तारीख को होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। सभी चार संसदीय सीटों के लिए कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान हैं।

<u>**********************</u>

छठे चरण के तहत झारखंड के चार लोकसभा सीट गिरिडीह धनबाद रांची और जमशेदपुर के लिए आगामी 25 मई को सुनिश्चित मतदान के मद्देनजर आज शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार पर रोक लग गई है। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस बार आठ हजार नौ सौ तिरसठ मतदान केंद्र बनाए गये हैं। इन चारों लोकसभा सीटों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मॉडल कोड आफ कंडक्ट के उल्लंघन के अब तक 80 मामलों में एफआईआर दर्ज किया गया है। इनमें जमशेदपुर में सात, रांची में 19, धनबाद में पांच और गिरिडीह में पांच मामले शामिल है।

<u>**********************</u>

जमशेदपुर के साकची बोधी मैदान से आज भाजपा की चुनावी मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, जमशेदपुर लोकसभा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रोड शो से पहले पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड में सभी सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर

दिया था। श्री साय ने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्य में नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला में झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधा।

************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वे जामताड़ा के मेझिया गांव में दुमका सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं।

************************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आज जामताड़ा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से मतदान केन्द्र क्षेत्र से दो किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर निवास करने वाले मतदाताओं के लिए परिवहन की सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। इसके लिए दुरस्थ स्थानों को चिन्हित कर मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने एवं वापस छोड़ने के लिए वाहनों की टैगिंग सुनिश्चित करने को कहा।

************************

गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने आज गिरिडीह में चुनाव से जुड़े अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदानकर्मियों से पुलिस के दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा। उन्होंने चुनाव शांति पूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए आयोग के गाइड लाइन का पालन करने का भी निर्देश दिया।

************************

दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने सभी पुलिस पदाधिकारी और सभी पुलिस कर्मियों से वोट देने की अपील की है। उन्होंने आज रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी वोटरों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और चुनाव के महापर्व में भाग ले। वहीं रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने भी सभी पुलिस पदाधिकारी और लोगों से मतदान करने की अपील की है।

************************

छठे चरण में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में हो रहे मतदान को संपन्न कराने के लिए कल सुबह छह बजे से डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मी ईवीएम, बीयू, सीयू के साथ बूथों पर भेजे जाएंगे। इसके लिए धनबाद में तीन जगहों पर डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। डिस्पैच सेंटर से बैलेट यूनिट लेकर मतदान कर्मी अपने–अपने बूथ की ओर रवाना होंगे। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की ड्रोन कैमरे से लाइव रिकॉर्डिंग कराई जाएगी।

************************

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 340 मतदान केदो पर 25 मई की सुबह सात बजे से मतदान होगी । मतदान को लेकर ईचागढ़ विधानसभा में तैयारी पूरी कर ली गई है। 340 मतदान केंद्रो के लिए मतदान कर्मियों को जिला मुख्यालय सरायकेला के काशी साहू कॉलेज में मतदान से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा।

***********************

सिमडेगा जिले में हॉकी खिलाड़ियों को इसकी बारीकियां सिखाने के लिए खास पहल की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***********************

लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली में कुआँ खुदाई के दौरान कुआँ धसने से चार लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। और दबे लोगों को निकालने का काम किया गया।

***********************

लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार और प्रधान मजिस्ट्रेट जूविनाइल जस्टिस बोर्ड जया स्मिता तिर्की ने गुमला स्थित संप्रेक्षण गृह का दौरा किया । इस दौरान विधिक प्राधिकार की ओर से बच्चों को लैंगिक अपराध और नशापान मुक्ति के बारे में जानकारी दी गई।

***********************

पाकुड़ में आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आदर्श नगर में स्थापित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर आम सहित खास लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर जमशेदपुर के साकची स्थित बुद्ध मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। बोधी सोसायटी के उपाध्यक्ष अनूप रंजन ने कहा कि बुद्ध विश्व शांति का संदेश देते है।

***********************

खूंटी और पश्चिम सिंहभूम जिले की सीमा पर आज दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें एक नक्सली मारा गया है। उसकी पहचान बुधराम मुंडा के रूप में हुई है। वह कई नक्सली वारदातों में वांटेड था। बता दें कि पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन ने सर्वदा जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। खूंटी डीएसपी वरूण रजक ने इसकी जानकारी दी।

***********************

झारखंड में अगले पांच दिनों तक मौसम में उतार–चढ़ाव जारी रहेगा। राज्य के विभिन्न भागो में तेज हवा के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान है। राजधानी समेत झारखंड के दक्षिणी हिस्से में पिछले 24 घंटों के दौरान अच्छी बारिश हुई। पूर्वी सिंहभूम में 76 दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई जबकि रांची से टाटीसिलवे में 39 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा दुमका, जमशेदपुर और अन्य इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पलामू और आसपास के जिलों को छोड़कर अन्य भागों में तापमान सामान्य रहेगा।

*******समाप्त**************